भारत सरकार

विद्युत मंत्रालय

....

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या-144

01 अगस्त, 2024 को उत्तरार्थ

उजाला योजना और ऊर्जा की बचत पर इसका प्रभाव

***144. श्री बैजयंत पांडा:**

क्या **विद्युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा उजाला योजना के अंतर्गत बिजली बचाने के लिए अब तक वितरित किए गए एलईडी बल्बों की संख्या का ब्यौरा क्या है; और

(ख) ऊर्जा की बचत और उपभोक्ता बिजली बिलों पर उक्त योजना का क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

विद्युत मंत्री
(श्री मनोहर लाल)

(क) और (ख) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

<u>विवरण</u>

"उजाला योजना और ऊर्जा की बचत पर इसका प्रभाव" के बारे में लोक सभा में दिनांक 01.08.2024 को उत्तरार्थ तारांकित प्रश्न संख्या 144 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) : उजाला (उन्नत ज्योति बाए अफॉर्डेबल एलईडीज़ फॉर ऑल) उपभोक्ताओं को वहनीय, ऊर्जा-दक्ष एलईडी बल्ब उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिनांक 5 जनवरी 2015 को शुरू की गई थी। एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल), विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत सीपीएसयूज का संयुक्त उद्यम, को इस स्कीम की कार्यान्वयन एजेंसी नामित किया गया था। इस स्कीम के अंतर्गत, कोई भी उपभोक्ता डिस्कॉमों के माध्यम से या ईईएसएल द्वारा नामित वितरण एजेंसियों(डीए) के माध्यम से एलईडी बल्ब खरीद सकता है।

अब तक, ईईएसएल ने इस योजना के अंतर्गत पूरे भारत में 36.9 करोड़ से अधिक एलईडी बल्ब वितरित किए हैं। इन बल्बों के वितरण का राज्य-वार विवरण **अनुबंध** पर दिया गया है।

(ख) : उजाला योजना प्रतिवर्ष 48.4 बिलियन यूनिट विद्युत ऊर्जा की बचत करने में और एनर्जी-एफिशिएंट लाइटिंग सोल्यूशनस के द्वारा उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में 19,337 करोड़ रुपये की वार्षिक बचत करने में सहायक रही है।

लो.स.तारां.प्र.सं. 144

अनुबंध

जून, 2024 तक वितरित एलईडी बल्बों की संख्या का विवरण

क्रम सं.	राज्य और संघ राज्य क्षेत्र	वितरित एलईडी बल्बों की संख्या
1	अंडमान निकोबार	400,000
2	आंध्र प्रदेश	22,040,227
3	अरुणाचल प्रदेश	499,498
4	असम	7,185,430
5	बिहार	19,608,609
6	चंडीगढ़	554,283
7	छत्तीसगढ़	10,822,335
8	दादरा एवं नगर हवेली	163,808
9	दमन और दीव	142,623
10	दिल्ली	13,431,273
11	गोवा	1,005,890
12	गुजरात	41,448,713
13	हरियाणा	15,608,119
14	हिमाचल प्रदेश	8,648,483
15	जम्मू और कश्मीर	8,486,579
16	झारखंड	13,645,874
17	कर्नाटक	24,264,486
18	केरल	15,429,919
19	लद्दाख	230,630
20	लक्षद्वीप	200,000
21	मध्य प्रदेश	17,574,110
22	महाराष्ट्र	21,986,569
23	मणिपुर	299,934
24	मेघालय	433,789
25	मिजोरम	615,332
26	नागालैंड	1,099,038
27	ओडिशा	52,270,570
28	पुदुचेरी	609,251
29	पंजाब	3,016,739
30	राजस्थान	17,321,034
31	सिक्किम	164,000
32	तमिलनाडु	4,363,183
33	तेलंगाना	2,875,082
34	त्रिपुरा	1,054,437
35	उत्तर प्रदेश	26,295,737
36	उत्तराखंड	5,673,850
37	पश्चिम बंगाल	9,229,228
कुल		**368,698,662**

****